# चित्रकूट पुलिस

**(1).** “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** आज दिनांक 11.07.2026 को श्री पीयूष कान्त राय अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा थाना राजापुर एवं थाना रैपुरा में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।
समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में राजस्व, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। अधिकारियों ने सभी शिकायतकर्ताओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा पुलिस संबंधित मामलों में मौके पर जाकर जांच कर प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करना है।
समाधान दिवस में श्री नरेश प्रजापति प्रभारी निरीक्षक राजापुर, थाना प्रभारी रैपुरा, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्री पीयूषकांत राय अपर पुलिस अधीक्षक एवं श्री यामीन अहमद क्षेत्राधिकारी राजापुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा व उनकी टीम द्वारा दुष्कर्म के वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
संक्षिप्त विवरण-
थाना सरधुवा अन्तर्गत एक निवासी पीड़िता ने सूचना दी थी कि अमित उपर्युक्त द्वारा जबरजस्ती नाजायज सम्बन्ध बनाना,विरोध करने पर बदनाम करने और जान से मारने की धमकी देना तथा गोली खिलाकर जबरजस्ती गर्भपात करवाना। इस सूचना पर थाना सरधुवा में मु0अ0सं0 96/2026 धारा 64(2)e,m, 89,74,115(2),351(3) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचना पीड़िता की बयान अन्तर्गत धारा 183 व साक्ष्य संकलन के आधार पर आज दिनांक 11.07.2026 को अभियुक्त अमित को गिरफ्तार किया गया।
**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-</u>**
1.श्री शिवआसरे प्रभारी निरीक्षक सरधुवा
2.आरक्षी प्रदीप यादव
3.आरक्षी दुर्गेश यादव
4.म0आरक्षी आर्यांशी सिंह

**(4).** आज दिनाँक 11.07.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में श्री निशिकान्त राय की उपस्थिति में थाना पहाड़ी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए एवं समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जमीन सम्बन्धित विवाद में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाये।

प्रेस नोटः-चित्रकूट पुलिस
थाना पहाड़ी पुलिस टीम ने 05 जुआरियों को जुआ खेलते हुए किया गिरफ्तार
मालफड़ से 900/- रूपये व 52 अदद तास पत्ता, जामा तलाशी से 410/- रुपये बरामद

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री निशिकान्त राय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह एवं उनकी टीम द्वारा 05 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।
थाना पहाड़ी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. अमरजीत यादव पुत्र फूलचन्द्र 2.जामवन्त उर्फ प्रकाश यादव पुत्र हेमराज 3. विष्णु यादव पुत्र दिनेश यादव 4.धर्मेन्द्र यादव पुत्र शिवकुमार यादव निवासीगण कौहारी थाना पहाड़ी चित्रकूट 5.खेमराज पुत्र फूलचन्द्र निवासी गुजैनी थाना मरका जनपद बांदा को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से 900/- रूपये व 52 अदद तास पत्ता, जामा तलाशी से 410/- रुपये बरामद किए गए।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-**

1.उ0नि0 श्री श्याम देव सिंह
2.आरक्षी कमलेश कुमार यादव
3.आरक्षी अमित कुमार यादव
4.आरक्षी मृगांक पाठक